दैनिक न्याय साक्षी



## संपादकीय

# मानसून की चिंता

अब मौसम विभाग ने भी मान लिया है कि इस साल देश?में मानसून देर से दस्तक देगा। इससे पहले गैर सरकारी मौसम बताने वाली एजेंसी स्काई मेट ने भी मानसून के देर से आने की बात कही थी। मौसम विभाग कह रहा है कि इस बार मानसून एक जून के बजाय छह जून को केरल में प्रवेश करेगा। बीते साल मानसून समय से पहले 29 मई को पहुंच गया था। हालांकि, मौसम विभाग ने बीते साल भरपूर मानसून की बात कही थी मगर स्काई मेट ने इसके कम रहने की बात कही है। बहरहाल, इस साल मानसून देर से आना ज्यादा चिंता की बात नहीं है मगर मध्य भारत में कम बारिश की भविष्यवाणी हमारी चिंता का विषय होना चाहिए। दरअसल, पहले ही जल संकट से जूझ रहे मराठवाड़ा इलाके में यदि कम बारिश की बात कही जा रही है तो इसे चेतावनी मानकर हमें अभी से तैयारी कर लेनी चाहिए। ऐसी बात उत्तरी कर्नाटक और मध्य प्रदेश?के कुछ?इलाकों को लेकर भी कही जा रही है। देश के सकल घरेलू उत्पाद में भले ही खेती का योगदान 13 फीसदी रह गया हो मगर हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि देश की करीबन आधी आबादी आज भी कृषि पर निर्भर है। वैसे तो यह विडंबना ही है कि आजादी के सात दशक बाद भी हमारी कृषि की मानसून पर निर्भरता बनी हुई है। हरियाणा, पंजाब व पश्चिमी उत्तर प्रदेश में ही सिंचाई साधनों का पर्याप्त विस्तार हो पाया है। ऐसे में मानसून की लेट-लतीफी और बारिश?का कम प्रतिशत हमारी चिंताओं को बढ़ाता है। खासकर जब कृषि क्षेत्र संक्रमणकाल से गुजर रहा हो। बड़ी संख्या में किसान आत्महत्या कर रहे हों।

हालांकि, मानसून की देरी और बारिश के प्रतिशत में कमी बड़ी चिंता नहीं है। देश?में अन्न के पर्याप्त भंडार हैं। उत्तर भारत में सिंचाई के पर्याप्त संसाधनों से मानसून के कम-ज्यादा होने के साथ?सामंजस्य स्थापित कर लिया जाता है। मगर मानसून की कमी से बाजार में खाद्यान्न के दामों में जो उछाल आता है, उससे आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में जब कुछ?मौसम विज्ञानी मानसून पर अल नीनो के प्रभाव की बात कह रहे हैं तो हमें उससे उत्पन्न चुनौतियों से मुकाबले की समय रहते तैयारी कर लेनी चाहिए। हमारी चिंता यह होनी चाहिए कि आम चुनाव के चलते देश?में जो राजनीतिक परिस्थितियां हैं, उनके चलते समय रहते मौसम की तल्खी से निपटने में देरी न हो जाये। देश में बनने वाली नयी सरकार के सामने यह बड़ी चुनौती हो सकती है। खासकर मध्य व पश्चिमी भारत में जहां पहले ही पानी की कमी रहती है और फिर इन इलाकों में मानसून कमजोर रहता है तो उसके लिये तैयारी अभी से करनी होगी ताकि किसानों को मुश्किलों का सामना न करने पड़े और खरीफ की फसल के उत्पादन में गिरावट को टाला जा सके। हमारी चिंता मानसून के देर से ?आने की नहीं बल्कि मानसून का दीर्घ अवधि ?औसत यानी एलपीए होनी चाहिए, जिसके सामान्य से कम रहने की आशंका जतायी जा रही है।

# लाखों ग्राहकों पर पड़ने वाला है असर, पीएनबी में विलय हो सकते हैं तीन बड़े बैंक




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दो दिन बाद देश में नई केंद्र सरकार के गठन को लेकर पिक्चर क्लीयर हो जाएगी। इसके बाद देश में राजनीतिक, आर्थिक तौर पर कईबदलाव देखे जा सकते हैं। एक बदलाव बैंकिंग सेक्टर में देखने को मिल सकता है।उम्मीद है कि केंद्र सरकार देश के चार बड़े बैंकों के विलय पर मुहर लगा सकती है।अगर ऐसा होता है तो चारों सरकारी बैंकों के विलय से ग्राहकों पर असर पड़ेगा।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पंजाब नेशनल बैंक में ओरियंटल बैंक ऑफ कॉमर्स, आंध्रा बैंक और इलाहाबाद बैंक का विलय हो सकता है। नई केंद्र सरकार पंजाब नेशनल बैंक, ओरियंटल बैंक ऑफ कॉमर्स और आंध्रा बैंक और इलाहाबाद बैंक का विलय करने जा रही है। अगर ऐसा होता है लाखों ग्राहकों पर इसका असर पड़ेगा क्योंकि जब भी बैंकों का विलय होता है तो चेकबुक, एटीएम, बैंकों की शाखाओंऔर नाम आदि पर भी बदलाव देखने को मिलता है।इस साल की शुरुआत में पहली बार सरकार ने देना बैंक और विजया बैंक का विलय बैंक ऑफ बड़ौदा में किया था। इस विलय के बाद बैंक ऑफ बड़ौदा भारतीय स्टेट बैंक के बाद दूसरा सबसे बड़ा सरकारी बैंक बन गया है। इससे पहले एसबीआई ने अपने 5 सहयोगी बैंकों और भारतीय महिला बैंक का विलय किया था।फरवरी में सरकार ने 12 सरकारी बैंकों को आरबीआई की त्वरित सुधार कार्रवाई (पीसीए) से बाहर निकालने के लिए 48,239 करोड़ रुपए के पुर्नपूंजीकरण की घोषणा की थी। पीसीए में रखे जाने के बाद आरबीआई ने इन सभी बैंकों को नया कर्ज देने से रोक दिया था।

# ईपीएफओ ने जारी किया आंकड़ा, मार्च 2019 में 8.14 लाख लोगों को मिली नौकरियां





**नई दिल्ली (आरएनएस)।** वीरवार 23 मार्च को लोकसभा चुनाव के परिणाम घोषित किए जाएंगे। जिसे लेकर जहां एक ओर सियासी गलियारों में चर्चाएं चल रही हैं, वहीं दूसरी ओर कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने एक आंकड़ा पेश किया है, जिसके मुताबिक इस साल मार्च में 8.14 लाख नए लोगों को नौकरियां मिली हैं, जबकि फरवरी में 7.88 लोगों को नौकरियां मिली थीं।

ईपीएफओ ने अप्रैल 2019 में जारी नौकरियों के आंकड़ों में मार्च 2018 के आंकड़ों में संशोधन किया था। इसमें नौकरियों के अवसरों में 55,934 की कमी दिखाई गई है। इस कमी के बारे में ईपीएफओ ने कहा कि मार्च के आंकड़े नकारात्मक इसलिए हैं कि माह के दौरान काफी सदस्य इससे बाहर हो गए हैं। आंकड़ों के मुताबिक मार्च में सबसे अधिक नौकरियां 22 से 25 वर्ष के आयु के लोगों के लिए 2.25 लाख रोजगार के अवसर बने। वहीं 18 से 21 वर्ष आयु वर्ग में 2.14 लाख नए रोजगार के अवसरों का सृजन हुआ।

# लगातार दूसरे दिन बढ़े पेट्रोल, डीजल के दाम

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण का मतदान संपन्न होने के बाद लगातार दूसरे दिन पेट्रोल और डीजल के दाम में वृद्धि दर्ज की गई। तेल विपणन कंपनियों ने दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल के दाम में फिर पांच पैसे की बढ़ोतरी कर दी है। वहीं, डीजल के दाम में दिल्ली, मुंबई और चेन्नई में नौ पैसे, जबकि कोलकाता में 10 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। बाजार के जानकार बताते हैं कि तेल के दाम में अभी वृद्धि का सिलसिला जारी रह सकता है, क्योंकि लोकसभा चुनाव के दौरान अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के भाव में तेजी आने के बावजूद तेल कंपनियों ने तेल की कीमतें नियंत्रण में रखी थीं, इसलिए कंपनियां अपने घाटे की भरपाई कर सकती हैं।इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार, मंगलवार को दिल्ली, कोलकता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल के दाम बढ़कर क्रमशः 71.17 रुपये, 73.24 रुपये, 76.78 रुपये और 73.87 रुपये प्रति लीटर हो गए। डीजल के दाम भी चारों महानगरों में बढ़कर क्रमशः 66.20 रुपये, 67.96 रुपये, 69.36 रुपये और 69.97 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं

# 4 करोड़ 90 लाख इंस्टाग्राम यूजर्स का पर्सनल डेटा लीक, आप भी रहे सतर्क




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** डेटा चोरी के कई मामलों से फेसबुक के जूझने के बाद अब इसकी फोटो-शेयरिंग सेवा इंस्टाग्राम भी मुश्किल में घिरती दिख रही है। लाखों सिलेब्रिटीज और प्रभावशाली व्यक्तियों का पर्सनल डेटा इंस्टाग्राम के जरिए लीक हो गया है। मुंबई की सोशल मीडिया और अन्य सोशल मीडिया के मार्केटिंग फर्म चैटरबॉक्स ने इस डेटाबेस को ट्रेस किया है।

सबसे पहले टेक क्रंच ने एक रिपोर्ट में कहा कि डेटाबेस में कई हाई-प्रोफाइल प्रभावशाली व्यक्तियों के 4 करोड़ 90 लाख रिकॉर्ड शामिल थे, जिनमें प्रमुख फूड ब्लॉगर्स, मशहूर हस्तियां प्रभावशाली व्यक्ति शामिल हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है, हर रिकॉर्ड में पब्लिक डाटा है जिसमें जानकारी, प्रोफाइल फोटो, फॉलोअर्स की संख्या, लोकेशन और प्राइवेट कॉन्टेक्ट नंबर शामिल हैं। इंस्टाग्राम के एक प्रवक्ता ने कहा कि हम जांच कर रहे हैं कि क्या किसी तीसरे पक्ष ने अपनी नीतियों का उल्लंघन करते हुए अनुचित तरीके से इंस्टाग्राम डेटा संग्रहीत किया है। इंस्टाग्राम के एक प्रवक्ता ने आईएएनएस को बताया, यह भी स्पष्ट नहीं है कि चैटरबॉक्स के डेटाबेस में फोन नंबर और ईमेल इंस्टाग्राम से आए हैं या नहीं।

कंपनी ने कहा है, उपयोगकर्ता के डेटा को गलत तरीके से लेने वाले तीसरे पक्ष की संभावना कुछ हो सकती है, जिसे हम गंभीरता से ले रहे हैं, यही कारण है कि हम जल्दी से यह समझने के लिए काम कर रहे हैं कि हुआ क्या है।

# दुनिया की हर टीम के लिए चुनौती साबित होगा भारतीय पेस अटैक

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** टीम इंडिया अपने तीसरे वर्ल्ड कप खिताब पर कब्जा जमाने के इरादे से इंग्लैंड रवाना हो गई। इस बार टीम इंडिया के फास्ट बोलिंग अटैक से सभी को उम्मीदें हैं। युवा फास्ट बोलर जसप्रीत बुमराह टीम के तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई करेंगे। जानकार मान रहे हैं कि इंग्लिश कंडिशंस में भारतीय फास्ट बोलर ही टीम इंडिया की सफलता की अहम कहानी लिखेंगे। इस वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम में जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमीऔर भुवनेश्वर कुमार के रूप में 3 फास्ट बोलरों को जगह मिली है, जबकि हार्दिक पंड्या और विजय शंकर जैसे ऑलराउंडर इस फास्ट बोलिंग तिकड़ी को बोलिंग में भी सपॉर्ट देंगे।

# मुनाफा वसूली के कारण सेंसेक्स में 383 अंकों की गिरावट



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पिछले सत्र में घरेलू बाजार में जोरदार उछाल के बाद मुनाफावसूली के दबाव में शेयर बाजार में गिरावट दर्ज की गई। बीएसई का प्रमुख संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 282.87 अंक फिसलकर 38,969.80 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 119.15 अंकों की गिरावट के साथ 11,709.10 पर बंद हुआ।

बंबई स्टॉक एक्सचेंज के 30 शेयरों वाला प्रमुख संवेदी सूचकांक सेंसेक्स सुबह 96.78 अंकों की तेजी के साथ 39,449.45 पर खुला, और 282.87 अंकों की गिरावट के साथ 38,969.80 पर बंद हुआ। दिन के कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 39,571.73 ऊपरी और 38,884.85 के निचले स्तर को छुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी सुबह 35.40 अंकों की तेजी के साथ 11,863.65 पर खुला और 119.15 अंकों की गिरावट के साथ 11,709.10 पर बंद हुआ। दिन भर के कारोबार के दौरान निफ्टी ने 11,883.55 के ऊपरी और 11,682.80 के निचले स्तर को छुआ।

# आईसीसी वर्ल्ड कप 2019 : इंग्लैंड के लिए रवाना हुई टीम इंडिया



**मुंबई (आरएनएस)।** क्रिकेट के महाकुंभ वनडे वर्ल्ड कप के लिए विराट कोहली की कप्तानी वाली भारतीय क्रिकेट टीम इंग्लैंड के लिए रवाना हो गई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने टीम के रवाना होने से पहले खिलाड़ियों की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कीं। इनमें खिलाड़ी मुंबई एयरपोर्ट पर अपनी फ्लाइट के लिए इंतजार करते नजर आ रहे हैं। इन तस्वीरों में कप्तान विराट कोहली, एमएस धोनी, शिखर धवन, मोहम्मद शमी, हार्दिक पंड्या, लोकेश राहुल, केदार जाधव समेत अन्य खिलाड़ी दिख रहे हैं। बता दें कि वर्ल्ड कप की शुरुआत इंग्लैंड ऐंड वेल्स में 30 मई से होगी। क्रिकेट का यह महाकुंभ 14 जुलाई तक चलेगा। इससे पहले कप्तान विराट कोहली ने कहा कि इस बार के वर्ल्ड कप का फॉर्मेट चुनौतीपूर्ण है और कोई भी टीम उलटफेर कर सकती है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों ने आईपीएल से 50 ओवर के मुकाबले की अच्छी तैयारी की है। कैप्टन विराट ने साथ ही उम्मीद जताई कि टीम इंडिया तीसरी बार वर्ल्ड कप जीत सकती है। भारत ने अब तक 2 बार (1983 में कपिल देव की कप्तानी में और 2011 में धोनी की कप्तानी में) वर्ल्ड कप जीता है। वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया

विराट कोहली (कप्तान), रोहित शर्मा, शिखर धवन, महेंद्र सिंह धोनी (विकेटकीपर), केदार जाधव, हार्दिक पंड्या, भुवनेश्वर कुमार, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, विजय शंकर, दिनेश कार्तिक, केएल राहुल, रविंद्र जडेजा।

## आज का राशिफल

मेषः- किसी धर्मस्थान के दर्शन के योग हैं। पूजा-पाठ में मन लगेगा। कोर्ट व कचहरी इत्यादि में अटके काम पूरे होंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

वृषः- किसी भी तरह की बहस में हिस्सा न लें। नेत्र पीड़ा हो सकती है, सावधान रहें। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी आवश्यक है। व्ययवृद्धि होगी।

मिथुनः- शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। विवाद से बचें। हित शत्रुओं से सावधान रहें। कोर्ट-कचहरी के कार्यों में गति आएगी।

कर्कः- अज्ञात भय रहेगा। प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। सुख के साधनों पर व्यय होगा। भूमि व भवन इत्यादि कार्यों में लाभ होगा।

सिंहः- किसी कार्य के होने के प्रति चिंता रहेगी। थकान रह सकती है। विद्यार्थी वर्ग लेखन, पठन-पाठन इत्यादि में सफलता प्राप्त करेगा।

कन्याः- शत्रु भय रहेगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है। किसी अपने ही व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। क्लेश होगा। कोई दुःखद समाचार मिल सकता है। भागदौड़ रहेगी।

तुलाः- धनलाभ के अवसर प्राप्त होंगे। प्रयास सफल रहेंगे। मित्रों व रिश्तेदारों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा।

वृश्चिकः- किसी तरह का शारीरिक कष्ट हो सकता है। भय रहेगा। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे।


धनुः- किसी अनहोनी की आशंका रह सकती है। चोट व रोग से बचें। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। आय के मामले में भाग्य का साथ रहेगा। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेगे।

मकरः- किसी अप्रत्याशित समस्या से सामना हो सकता है। फालतू खर्च होगा। किसी अपने ही व्यक्ति से विवाद हो सकता है। चिंता तथा तनाव रहेगा।

कुंभः- विवेक से कार्य करें। लाभ में वृद्धि होगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। रोजगार में वृद्धि के योग हैं।

मीनः- किसी सही बात का भी विरोध हो सकता है। आर्थिक उन्नति के लिए नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। नए काम मिल सकते हैं।

## तरबूज की करी बनाने की विधि...



पकौड़े की करी, आलू, गाजर की करी तो आपने खाई होगी। लेकिन क्या आपने तरबूज की करी ट्राई की है। अगर नहीं तो यहां पढ़ें रेसिपी-

### सामग्री

कटा हुआ तरबूज- 2 कप, कटा हुआ गाजर- 1, कटी हुई शिमला मिर्च- 1, टोमैटो प्यूरी- 1 कप, अजवाइन- 1-1/2 चम्मच, हल्दी पाउडर- 1 चम्मच, जीरा पाउडर- 1 चम्मच, लाल मिर्च पाउडर- 1/2 चम्मच, लाल मिर्च- 2, बारीक कटी धनिया पत्ती- 4 चम्मच, मक- स्वादानुसार, तेल- 1 चम्मच

### विधि

पैन में तेल गर्म करें और उसमें अजवाइन, गाजर और शिमला मिर्च डालें। हल्का सा नमक छिड़ककर सब्जियों को पकाएं। जब सब्जियां पक जाएं तो पैन में हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर और जीरा पाउडर डालकर कुछ सेकेंड तक भूनें। टोमैटो प्यूरी, तरबूज के टुकड़े और एक कप पानी डालकर मिलाएं। आंच तेज करके उबाल आने तक ग्रेवी को पकाएं। इसके बाद आंच धीमी करें और पैन को ढककर 10 मिनट तक पकाएं। नमक चख लें। गैस बंदकर दें। धनिया पत्ती से सजा कर चावल या रोटी के साथ सर्व करें।


## शब्द सामर्थ्य- 72

**बाएं से दाएं**

1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

**ऊपर से नीचे**

1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. श्रृंगार करना, साजन 14. श्रवणइंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 71 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मै | दा | न | | स | र | ग | म | |
| त्री | | सी | | | क्षा | | धु | र्रा |
| | सा | ह | स | | | | र | |
| स्वा | ग | त | | स | म | झौ | ता | |
| व | र | | | र | | | | म |
| लं | | वि | ला | स | | | दा | म |
| बी | न | | ज | | सा | मा | न | ता |
| | ज | | वा | हि | या | त | | |
| त | र | की | ब | | ना | | खा | ली |

## सू-दोकू- 72

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 4 | | 3 | | |
| 2 | | | 3 | | | 9 | | 4 |
| | 6 | | | 2 | | | | |
| 3 | | 1 | | | 7 | | 4 | |
| | 2 | | | 1 | | | 6 | |
| 8 | | | 9 | | 4 | | | 1 |
| | | 2 | | 3 | | 7 | | |
| 1 | | | 7 | | 2 | 4 | | 3 |
| | 5 | 3 | | 8 | | | 7 | 2 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.71 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 8 | 3 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 1 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 | 5 | 3 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 9 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 1 | 4 | 6 | 5 |
| 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 3 | 9 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 7 |
| 3 | 6 | 2 | 7 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 9 | 4 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 | 7 | 2 |